ISO 9001:2008
ORGANISATION

सत्यमेव जयते

विक्रम साराभाई भवन
अणुशक्तिनगर
मुंबई - 400 094
Vikram Sarabhai Bhavan
Anushaktinagar
Mumbai - 400 094

Website : www.hwb.gov.in

Fax.: (022) 2556 3360 /2556 3243
Direct Number: (022) 25560870
2548 6505
E-mail: ce@mum.hwb.gov.in

भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
भारी पानी बोर्ड
GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY
HEAVY WATER BOARD

डॉ. यू. कामाची मुदली
DR. U. KAMACHI MUDALI
अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी
Chairman & Chief Executive

प्रेस विज्ञप्ति / Press Release

भारी पानी बोर्ड(भापाबो) एवं ग्रीनस्टार फर्टिलाइजर्स लिमिटेड के बीच विलायक निष्कर्षण संयंत्र, तूतिकोरिन के माध्यम से फास्फोरिक एसिड की प्राप्त करने तथा यूटिलिटिज एवं रसायनों की आपूर्ति के लिए एक करार किया गया है ।

An agreement has been entered between Heavy Water Board (HWB) and Greenstar Fertilizers Limited for routing of phosphoric acid through Solvent Extraction Plant, Tuticorin and supply of utilities and chemicals.

इस करार पर दिनांक 14.09.2018 को अणुशक्ति भवन, मुंबई में डॉ. शेखर बसु, अध्यक्ष परमाणु ऊर्जा आयोग एवं सचिव परमाणु ऊर्जा विभाग(पऊवि), भारत सरकार तथा पऊवि, भापाबो व ग्रीनस्टार के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में डॉ. यू. कामाची मुदली, अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी, भारी पानी बोर्ड और श्री संजय तनवानी, पूर्णकालिक निदेशक, ग्रीनस्टार फर्टिलाइजर्स ने हस्ताक्षर किए ।

The agreement was signed by Dr. U. Kamachi Mudali, Chairman & Chief Executive, Heavy Water Board and Mr. Sanjay Tanwani, Whole Time Director, Greenstar Fertilizers in presence of Dr. Sekhar Basu, Chairman, Atomic Energy Commission and Secretary, Department of Atomic Energy (DAE), Government of India, and senior officials of DAE, HWB and Greenstar at Anushakti Bhavan, Mumbai on 14.09.2018.

भारी पानी बोर्ड, परमाणु ऊर्जा की संघटन इकाई है जो अपनी विविधीकरण गतिविधियों के साथ-साथ पऊवि हेतु आवश्यक विभिन्न विशिष्ट पदार्थों के बृहत उत्पादन में लगी हुई है । इसमें नाभिकीय ग्रेड विलायकों, संवर्धित बोरॉन यौगिकों, नाभिकीय ग्रेड सोडियम तथा डी चिह्नित यौगिकों का उत्पादन शामिल हैं ।

Heavy Water Board, a constituent unit of DAE, has diversified its activities and is pursuing bulk production of various special materials required for DAE. This

includes Nuclear Grade Solvents, Enriched Boron Compounds, Nuclear Grade Sodium and D Labeled compounds.

ग्रीनस्टार फर्टिलाइजर्स लिमिटेड, भारत में फर्टिलाइजरों की अग्रणी विनिर्माता एवं विपणक कंपनी है। ग्रीनस्टार, तमिलनाडु के तूतिकोरिन में फास्फेटिक फर्टीलाइजरों की विनिर्माता है। यह कंपनी अपने कठोर गुणवत्ता प्रमाणपत्र प्रक्रिया के माध्यम से कार्बनिक एवं अकार्बनिक फर्टिलाइजरों के लिए एक ब्रांड लांच प्लेटफार्म भी प्रदान करती है। ग्रीनस्टार, भारत में विक्रय हेतु फर्टिलाइजरों का आयात भी करती है। जुलाई 2011 से एक सार्वजनिक कंपनी, ग्रीनस्टार ने भारत के स्थायी फर्टिलाइजर ब्रांड एसपीआईसी की फास्फेटिक विनिर्माण परिसंपत्तियों का अर्जन किया है और फास्फेटिकों में उल्लेखनीय सुदृढ़ता लाई है।

Greenstar Fertilizers Limited is a leading manufacturer and marketer of fertilizers in India. Greenstar manufactures phosphatic fertilizers at Tuticorin in Tamil Nadu. The company is also a brand launch platform for organic and inorganic fertilizers that stand up to its tough quality certification process. Greenstar also imports fertilizers for sale in India. A public company since July 2011, Greenstar has acquired the phosphatics manufacturing assets of SPIC, an enduring fertilizer brand in India, bringing it a significant strength in phosphatics.

यह करार भापाबो द्वारा उत्पादित इन-हाऊस विलायकों के आधार पर भापाबो द्वारा विकसित विलायक निष्कर्षण प्रक्रिया का उपयोग कर फास्फोरिक एसिड से विरल पदार्थ की प्राप्ति एवं निष्कर्षण को समर्थ बनाएगा। फास्फोरिक एसिड से निष्कर्षित विरल पदार्थों को पऊवि की इकाइयों द्वारा आगे संसाधित किया जाएगा और यह भारत के परमाणु कार्यक्रम के लिए उपयोगी होगा।

The agreement will enable recovery and extraction of rare material from phosphoric acid using solvent extraction process developed by HWB based on the in-house solvents produced by HWB. The rare material extracted from phosphoric acid will be further processed by units of DAE and will be useful for India's nuclear programme.

U Kamachi Mudali

[डॉ. यू. कामाची मुदली / Dr. U Kamachi Mudali]

ॉ शेखर बसु की उपस्थिति में, डॉ. यू. कामाची मुदली एवं श्री संजय तनवानी हस्ताक्षरित करार के स्तावेजों का आदान-प्रदान करते हुए । चित्र में श्री इनबरसु, संयुक्त सचिव, पऊवि भी हैं ।

Exchanging the signed agreement in the presence of Dr. Sekhar Basu by Dr. U. Kamachi Mudali and Mr. Sanjay Tanwani. Mr. Inbarasu, Jt. Secretary, DAE is also in the picture.

इस अवसर पर डॉ शेखर बसु, सचिव, पऊवि के साथ उपस्थित वरिष्ठ सहकर्मी

Senior colleagues present on the occasion with Dr. Sekhar Basu, Secretary, DAE.